


## कोहली के निशाने पर एमएस धोनी का रेकॉर्ड, सिर्फ 25 रन हैं दूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हेमिल्टन। भारतीय कप्तान विराट कोहली बुधवार को यहां न्यू जीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टी–20 मैच में एक और रेकॉर्ड अपने नाम करने के लिए मैदान पर उतरेंगे। कोहली अगर इस मैच में 25 रन और बना लेते हैं तो वह बतौर कप्तान टी–20 में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से आगे निकल जाएंगे। कोहली इस समय टी–20 में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे नंबर पर हैं। वहीं धोनी 1112 रनों के साथ तीसरे नंबर पर हैं। न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन 1148 रनों के साथ दूसरे और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस 1273 रनों के साथ पहले नंबर पर है। कोहली अगर तीसरे मैच में 25 रन और बना लेते हैं तो वह खेल के इस सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन जाएंगे। भारत ने दूसरा मैच सात विकेट से जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2–0 की बढ़त ले रखी है।

# न्यूजीलैंड में पहली टी20 सीरीज जीतने के लिए उतरेगा भारत

**क्रिकेट**

### भारत पांच मैचों की सीरीज में न्यू जीलैंड की टीएम से 2-0 से आगे है

### तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैमिल्टन। अभी तक खेल के हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला भारत बुधवार को यहां होने वाले तीसरे मैच में न्यू जीलैंड में पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। भारत ने ऑकलैंड में पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में क्रमशः छह और सात विकेट से जीत दर्ज की और वह पांच मैचों की सीरीज में 2–0 से आगे है।

सदन पार्क में लगातार तीसरे मैच में जीत से भारतीय टीम न्यू जीलैंड की धरती पर पहली बार टी20 सीरीज जीतने में सफल रहेगी। इससे पहले दो अवसरों पर वह यह उपलब्धि हासिल करने में नाकाम रही थी। भारत 2008–09 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में 0–2 से जबकि पिछले साल 1–2 से सीरीज हार गया था।




भारत की यह टीम अभी बेहतरीन फॉर्म में है और 2019 वनडे विश्व कप के बाद उसने जो पांच टी20 सीरीज खेली हैं उनमें उसने शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें वर्तमान सीरीज भी शामिल है। इस बीच उसने केवल साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज नहीं जीती। यह सीरीज 1–1 से बराबर छूटी थी जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

टी20 क्रिकेट में अच्छी फॉर्म में होने के बावजूद आईसीसी रैंकिंग में उसकी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया। भारत अभी टी20 रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है और उसे चौथे स्थान पर पहुंचने के लिए वर्तमान सीरीज 5–0 से जीतनी होगी। न्यू जीलैंड अभी छठे स्थान पर है जबकि पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका रैंकिंग तालिका में भारत से आगे हैं। सभी की निगाह अभी ऑस्ट्रेलिया में इस साल के आखिर में होने वाला टी20 विश्व कप है लेकिन टीम प्रबंधन को विश्वास है कि इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले सही समय पर सारी चीजें ढर्रे पर आ रही है। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के विशेषकर इस दौरे में प्रदर्शन से इन चीजों को बल मिला है। इसे देखते हुए तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास का दिन था तथा कप्तान विराट कोहली, केएल राहुल, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह ने इसमें भाग नहीं लिया।

# अंडर–19 विश्व कपः निचले क्रम ने भारत को दिया लड़ने लायक स्कोर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पोचेफेस्ट्रॉम। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां सेनवेस पार्क मैदान पर खेले जा रहे आईसीसी अंडर–19 विश्व कप के सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में भारत को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया। मौजूदा विजेता भारत निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट खोकर 233 रन ही बना पाई। भारत अंडर–19 टीम को मध्य क्रम ने निराश किया, जबकि निचले क्रम ने किसी तरह टीम को 200 का आंकड़ा पार कराने में अहम भूमिका निभाई, जिसमें अर्थल अंकोलेकर के नाबाद 55 रनों ने सबसे बड़ा रोल अदा किया।



सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 62 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्होंने 82 गेंदों का सामना कर आठ चौके और दो छक्के मारे। दूसरे सलामी बल्लेबाज दिव्यांश सक्सेना सिर्फ 14 रन ही बना सके और 35 के कुल स्कोर पर टीम के पहले विकेट के रूप में आउट हुए। यहां से भारतीय युवा लगातार विकेट खोते रहे। तिलक वर्मा दो, कप्तान प्रियम गर्ग पांच, ध्रुव जुरेल 15, जल्दी पविलियन लौट लिए। जायसवाल भी 102 को कुल स्कोर पर आउट हो गए थे। अंत में सिद्देश वीर 25, और रवि बिश्नोई ने जुझारूपन दिखाते हुए अर्थव का साथ दिया और टीम को टीम को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। अर्थव ने 54 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। आस्ट्रेलिया के लिए कोरे कैली और टॉड मर्फी ने दो–दो विकेट लिए। मैथ्यू विलियंस, कोनोर सुली ने एक–एक विकेट लिया।

## भारतीय पर्यावरण अर्थशास्त्री पवन सुखदेव टायलर पुरस्कार के लिए नामित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। प्रख्यात भारतीय पर्यावरण अर्थशास्त्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के सदभावना दूत पवन सुखदेव को "हरित अर्थव्यवस्था" पर उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए 2020 का टायलर पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार को पर्यावरण का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। सुखदेव (59), संरक्षण जीवविज्ञानी ग्रेशन डेली के साथ यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। पर्यावरण को क्षति के आर्थिक परिणामों और नुकसान की ओर कॉरपोरेट एवं राजनीतिक नीति निर्माताओं का ध्यान आकृष्ट करने के उनके कार्य के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा। दोनों लोग एक मई को यहां एक निजी कार्यक्रम में यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। प्रत्येक को एक स्वर्ण पदक दिया जाएगा और वे दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि साझा करेंगे। इसकी घोषणा सोमवार को की गई। सुखदेव यूएनईपी की हरित अर्थव्यवस्था पहल के प्रमुख एवं विशेष सलाहकार रह चुके हैं। वह अभी वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे हैं। टीईईबी यूएनईपी की मेजबानी वाला एक वैश्विक अध्ययन है।

## न्यूज डायरी



### हेमिल्टन टी20 इंटरनैशनल से पहले अलग अंदाज में प्रैक्टिस करती दिखी टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैमिल्टन। विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम न्यू जीलैंड में सीरीज जीतने के मुहाने पर है। पांच टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज में भारत 2–0 से आगे है। भारत ने न्यू जीलैंड में कभी कोई टी20 इंटरनैशनल सीरीज नहीं जीती है और बुधवार को उसके पास इसका एक अच्छा मौका होगा। टीम की पूरी कोशिश 3–0 की अजेय बढ़त बनाने पर होगी। टीम इसकी तैयारियों में जुटी है। मंगलवार को उसने अलग अंदाज में ट्रेनिंग करती नजर आ रही है। मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय टीम प्रैक्टिस में एक हाथ से गेंद कैच करती नजर आ रही है। बीसीसीआई ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से विडियो पोस्ट किया है। बोर्ड ने इस विडियो के साथ कैप्शन दिया है, टीम इंडिया की नई ट्रेनिंग ड्रिल कैसी है।

### जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे, फेडरर से सामना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां कनाडा के मिलोस राओनिच को शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह पक्की की जहां उनका सामना रोजर फेडरर से होगा। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के इस खिलाड़ी ने बड़े सर्विस करने के लिए जाने जाने वाले राओनिच को 6–4, 6–3, 7–6 से हराकर अपने आठवें आस्ट्रेलियाई ओपन और 17वें ग्रैंड स्लैम की तरफ कदम बढाया। फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें 38 साल के फेडरर की चुनौती से पार पाना होगा। आस्ट्रेलियाई ओपन के पिछले 14 सत्र में इन दोनों खिलाड़ियों ने 12 बार खिताब साझा किये है। दोनों के बीच अब तक 49 मुकाबले खेले गये है जहां सर्बिया के खिलाड़ी ने 26 में जीत दर्ज की है जबकि स्विट्जरलैंड के फेडरर ने 23 मुकाबले जीते है। आस्ट्रेलियाई ओपन में रिकार्ड 15वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच ने फेडरर के प्रति सम्मान जताते हुए कहा, "रोजर के प्रति मेरे मन में अगाध श्रद्धा है। मैं चाहूंगा कि अच्छा खेलने वाला खिलाड़ी जीते।'

### पेस आस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। अनुभवी लिएंडर पेस और उनकी जोड़ीदार येलेना ओस्टापेंको के मंगलवार को यहां मिश्रित युगल में बाहर होने के साथ भारतीय दिग्गज का आखिरी आस्ट्रेलियाई ओपन में सफर भी समाप्त हो गया। पेस और लातविया की ओस्टापेंको की जोड़ी को ब्रिटेन के जेमी मुर्रे और अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स ने सीधे सेटों में 6–2, 7–5 से हराया। दूसरे दौर का यह मैच एक घंटे सात मिनट तक चला। पेस ने शुरू में घोषणा कर दी थी कि 2020 पेशेवर सर्किट में उनका आखिरी साल होगा। रोहन बोपन्ना अब खिताब की दौड़ में अकेले भारतीय बचे हैं। यह 39 वर्षीय खिलाड़ी और उक्रेन की उनकी जोड़ीदार नादिया किचनोक बुधवार को मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में निकोला मेकटिच और बारबोरा क्राइजकोवा से भिड़ेंगे।

### वॉशिंगटन पोस्ट ने ब्रायंट के बारे में ट्वीट के बाद अपनी रिपोर्टर को छुट्टी पर भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। वॉशिंगटन पोस्ट ने हेलिकॉप्टर हादसे में मारे गए दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी कोबे ब्रायंट के बारे में बलात्कार के आरोपों से संबंधित खबर का लिंक ट्वीट करने वाली अपनी एक राजनीतिक रिपोर्टर को प्रशासनिक छुट्टी पर भेज दिया है। अखबार के दर्जनों पत्रकारों ने रिपोर्टर को छुट्टी पर भेजे जाने के निर्णय की आलोचना की है। ब्रायंट की रविवार को एक हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। इस घटना से फैली शोक की लहर के बीच रिपोर्टर फेलिसिया सोनमेज ने ट्वीट किया जिसकी सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हुई। पोस्ट ने खबर दी कि सोनमेज को जान से मारने और बलात्कार करने की धमकी मिली तथा उनके घर का पता ऑनलाइन सार्वजनिक होने जाने के बाद उन्हें एक होटल में जाना पड़ा। अखबार ने कहा कि सोनमेज ने प्रबंध संपादक के आग्रह पर मूल ट्वीट हटा दिया। आप ऐसा कर इस संस्थान को नुकसान पहुंचा रही हैं।'